**अवैध कब्जा** — कब्जा करने की नियत से जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई कर पूंजीपतियों को बेच रहे

# बैगा आदिवासियों की भूमि पर माफिया की नजर

**चिल्हारी नवभारत 14 जनवरी।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय में इन दिनों भू-माफिया व अवैध कारोबारी प्रशासन का सुस्त रवैया देख क्षेत्र में हावी हो उठे हैं। एक ओर देखा जाए तो शासन प्रशासन आदिवासियों का मददगार बना हुआ है तो दूसरी तरफ क्षेत्र में कुछ अपराधी प्रवत्ति के लोग आदिवासियों की भूमि को अपना कमाई का जरिया बना बैठे हैं।

हाल ही में बैगा आदिवासियों की कब्जे वाली शासकीय भूमि को माफिया द्वारा औने पौने दाम में खरीद कर कालोनी बसाने की नियत से प्लाटिंग कराई जा रही है तो कोई आदिवासियों के भूमि पर कब्जा करने की नियत से खुलेआम जेसीबी चलवा कर खेत बनवा रहा है। इतना ही नहीं हद तो तब हो गई जब खेत बनाने के नाम पर माफिया द्वारा शासकीय भूमि की खुदाई कर हजारों ट्रॉली मिट्टी बेच दी गई। ऐसा नहीं है कि शासन प्रशासन के जिम्मेदारों को इसकी जानकारी नहीं हो बल्कि सब कुछ जानते हुए भी अवैध कमाई को ध्यान में रखते हुए चुप्पी साधे बैठे हैं।





### कार्यवाही के नाम पर प्रशासन सुस्त

क्षेत्र में सुस्त पड़े प्रशासनिक अमले को देख अपराधी प्रवत्ति के भ्रष्टाचारी व माफिया हावी हो उठे हैं, जो नित नए अवैध कारनामों को बेहिचक अंजाम दे रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक अमला कार्यवाही करने के बजाय सुस्त बैठा हुआ है। इन्हें पहले से ही जानकारी है कि किस काम में किस व्यक्ति का फोन आएगा। मानपुर मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 4 कुदरा टोला में आदिवासियों की भूमि को हथियाने के लिए दिन दहाड़े जेसीबी मशीन लगाकर सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी पूंजीपतियों को बेंच दी गई। इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी गई, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### प्रशासनिक फेरबदल जरुरी

सूत्रों की माने तो क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रशासनिक अमले में फेरबदल करना बहुत जरूरी हो गया है, क्योंकि कई महीनों से एक ही जगह जमे होने पर जिम्मेदार यहां अपनी पैठ बना चुके हैं और कार्यवाही कम अवैध कमाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। कलेक्टर एवं संभागीय आयुक्त से जनापेक्षा है कि संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए आदिवासियों की भूमि को बचाया जाए।

**इनका कहना है**

बिना परमीशन कोई भी कहीं से मिट्टी खोद कर बेच रहा है ऐसी शिकायत मिली है। हम मौके पर किसी को भेजकर जेसीबी मशीन बंद कर दे रहे हैं और परमीशन लेने के बाद ही काम करने को कह देंगे।

**पंकज नयन तिवारी**
**तहसीलदार मानपुर**



# शिक्षकों के वेतन काटने का दिया आदेश

**संभागीय उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मिला बंद**

**चिल्हारी नवभारत 14 जनवरी।** संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग शहडोल संभाग जेपी यादव द्वारा मानपुर में संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिषर तथा सीनियर अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिलने पर उपायुक्त ने शिक्षकों का वेतन काटने संबंधी नोटिस जारी किया। विद्यालय एवं छात्रावास परिसर में गंदगी पाए जाने पर रोष जाहिर किया तथा स्वयं बच्चों के साथ परिसर की सफाई कर बच्चों को अपना परिषर साफ सुथरा रखने का संदेश दिया। छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्या जानी तथा अतिशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

### भटकाव से बचते हुए पढ़ाई पर ध्यान दें : यादव

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में भटकाव आने से पूरा जीवन भटक जाता है। अपने जीवन को भटकाव से बचते हुए पढ़ाई पर ध्यान दें। छात्रावास अधीक्षकों को छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को माता-पिता व सगे भाई बहन के अलावा किसी अन्य के साथ नहीं भेजें। इसका लेखा-जोखा भी रखा जाए। किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए और समस्त आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# भंडारा के साथ शिव पुराण कथा समापन

**अमलेश्वर धाम के श्री श्री 1008 भगत गिरी बच्चू महाराज हुए शामिल**

**नवभारत नौरोजाबाद 14 जनवरी।** भगवान सिद्ध महाराज की पावन धरा पर चल रही श्री शिव महापुराण कथा का भंडारे के साथ समापन हुआ।

कथा व्यास पं. सुरेश रामायणी व्याकणाचार्य विजयनाथ धाम बरही एवं काशी विश्वनाथ की पावन नगरी बनारस के यज्ञ आचार्य आचार्य गौरव कृष्ण ने शिव पुराण का पारायण किया और व्यास ने अपनी सुमधुर कंठ से कथा कर सभी क्षेत्रवासियों को आनंदित किया। कथा के अंतिम दिन स्वामी महामंडलेश्वर अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री स्वामी परमहंस भगत गिरी बच्चू महाराज शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सदा धर्म में जीवन जिए, हिंसा व नशा से मुक्त रहे। कथा के अंत में हवन यज्ञ, गौ तर्पण तत्पश्चात कन्या भोज कराकर भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# विद्यार्थियों ने वन्य प्राणियों को देखा, सीखीं पेड़ों की पहचान

**पनपथा रेंज अंतर्गत कूदरा टोला कैंप में अनूभूति कार्यक्रम आयोजित**

**चिल्हारी नवभारत 14 जनवरी।** जिले के मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पनपथा रेंज अंतर्गत कुदरा टोला कैंप में 12 जनवरी को क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पक्षी दर्शन, मोर, ग्रीन पीजन पौंड, कौवा और तोता दिखाया गया। साल, गुर्जा, पकरी सेझी, साजा, सलाई, तेंदू, पलाश, अमलतास, नीलगिरि, महुआ, धवा, रोहन, बेर्री आदि पेड़ों की पहचान व उपयोग करना सिखाया गया। दीमक के घर की संरचना, पर्यावरण में उपयोग के बारे में बताया गया। चीतल, सांभर, लंगूर आदि वन्यप्राणी के दर्शन कराए गए।



### अनुभूति थीम सॉन्ग प्रस्तुत किया गया

अनुभूति थीम सॉन्ग हम हैं धरती के दूत सुनाया गया, जिस पर बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। तितली व मधुमक्खियों के प्रकृति के लिए महत्व के बारे में बताया गया। सांपों का महत्व, विशैले सर्पों की पहचान करना और स्नेक बाइट होने पर मैनेजमेंट के बारे में बताया गया। मैं कौन हूं खेल के माध्यम से सभी वन्य प्राणियों का परिचय कराया गया। फीडबैक फॉर्म भराया गया और शपथ दिलाई गई। क्विज के माध्यम से बच्चों के सामने नई रोचक जानकारी प्रस्तुत की गई।

### क्षेत्र संचालक ने वन और वन्यप्राणियों की जानकारी दी

क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा बच्चों को अनुभूति के विषय, वन एवं वन्य प्राणियों तथा पर्यावरण के संरक्षण के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस दौरान 128 बालक-बालिकाएं व 10 शिक्षक उपस्थित रहे। एसडीओ भूरा गायकवाड़ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।



# विधायक ने रंगमंच का किया लोकार्पण

**नौरोजाबाद नवभारत 15 जनवरी।** जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत छादाकला मे बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह द्वारा रंगमंच का लोकार्पण किया गया।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक शिवनारायण सिंह द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात ग्राम पंचायत की सरपंच रामदुलारी सिंह द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विशाल भांडरे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक शिवनारायण सिंह, ग्राम पंचायत छादाकला की सरपंच राम दुलारी सिंह, पठारी सरपंच गोविन्द प्रसाद गौतम, समाजसेवी दिलदार सिंह, ग्राम सचिव राजेंद्र सिंह, नन्ही महाराज, रोजगार सहायक गोवर्धन यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने रमपुरी घाट में लगाई आस्था की डुबकी

**पंचायत की अनदेखी से रमपुरी घाट में अव्यवस्था, विधायक से ग्रामीणों ने की घाट तक सड़क व बिजली व्यवस्था की मांग**



**अमरपुर नवभारत 14 जनवरी।** अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरी मैं मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने रमपुरी घाट पहुंचं, जहां उन्होंने विधि विधान से आस्था की डुबकी लगाई।

जानकारों की माने तो रमपुरी घाट में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर स्नान के पश्चात गरीबों को दान देकर पूण्य लाभ अर्जित किया तो वही विश्व शांति की कामना भी की। रमपुरी घाट मुख्यमार्ग के किनारे भव्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार कि दुकानें खूबसूरती के साथ सजी हुई मेले की शोभा बढ़ा रही है।

### नर्मदा किनारे नहीं हैं प्रसाधन घर

रमपुरी घाट के समीप सार्वजनिक स्वच्छता परिसर का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके चलते नर्मदा स्नान सहित दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं सहित अन्य को प्रसाधन के लिए परेशान होना पड़ता है। मजबूरी में महिलाओं और युवतियों को नीत क्रिया नर्मदा किनारे ही करनी पड़ती है, जिसके चलते मां नर्मदा के किनारे गंदगी फैलती जा रही है, जिससे संक्रमण फैलने एवं संक्रमित बीमारियों के खतरे से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ग्राम पंचायत में अनेकों बार प्रसाधन घर की मांग को लेकर पत्राचार के साथ ही मौखिक तौर पर भी मांग रखी जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।ग्रामीणों की माने तो मां नर्मदा दर्शन एवं स्नान करने पहुंचने वाले महिला व पुरुषों को कपड़े बदलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रमपुरी घाट स्नान करने पहुंचने वाली महिलाओं व युवतियों को कपड़े बदलने के लिए पुल या पिलर की आड़ का सहारा लेना पड़ता है। महिलाओं की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए स्नानागार की मांग जिम्मेदार अधिकारियों से की है।

### विश्वास के भरोसे दशक बीते नहीं पहुंची बिजली

जानकारों की माने तो ग्राम पंचायत रमपुरी के रमपुरी घाट तक लगभग 700 मीटर बिजली तार लगाई जानी है, जिसकी मांग कांग्रेस के शहपुरा विधानसभा तत्कालीन विधायक भूपेंद्र मरावी से ग्रामीणों ने की थी। तत्कालीन कांग्रेस विधायक व्दारा ग्रामवासियों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही रमपुरी घाट तक बिजली पहुंचेगी और घाट जगमगा उठेंगे, लेकिन समय के साथ कांग्रेस के तत्कालीन विधायक भूपेंद्र मरावी का वादा ग्रामीणों से वादाखिलाफी कर गया।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों के द्वारा शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से रमपुरी घाट पर चहल-पहल लाने के लिए सड़क, सीढ़ी और घाट बनवाने की मांग की गई है, जिससे मां नर्मदा दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अभी तक ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत को विभिन्न बिंदुओं को लेकर पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन आज तक ग्राम पंचायत की ओर से सार्थक पहल नहीं की गई।

# एसडीएम के नाम मांगी 20 हजार की रिश्वत

**बेलगाम हुए क्षेत्र में माफिया और दलाल, ऑडियो हुआ वायरल**

**चिल्हारी नवभारत 14 जनवरी।** मानपुर विधानसभा मुख्यालय में इन दिनों शासन प्रशासन का उदासीन रवैया देख दलाल व माफिया की फौज पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। यहां कब किसकी भूमि को कौन बेच दे कोई नहीं जानता।

इन दिनों दलालों के माध्यम से पुस्तैनी भूमि के नक्शा में जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर फेरबदल कराकर इधर से उधर नाप दिया जाता है, जिसके कारण पुस्तैनी भूमि स्वामी कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर होता है। सूत्रों की माने तो किसी भी कार्यालय में जाकर देखा जाए तो दो चार दलाल किसी न किसी का काम करवाते मिल ही जायेंगे। पूरा सिस्टम इन दिनों दलालों के चंगुल में पूरी तरह जकड़ चुका है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

इन दिनो सोशल मीडिया वाट्सअप ग्रुपों में कुछ आडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें एक अपराधी प्रवत्ति का रेत चोर अवैध तरीके से मिट्टी उत्खननकर्ता से मानपुर एसडीएम के नाम बीस हजार की रिश्वत बेहिचक मांग रहा है। ऐसा भी नहीं है कि मामला जिम्मेदारों के संज्ञान में नहीं आया हो बल्कि सब के सब उक्त रेत चोर अपराधी की शर्मनाक हरकत सुन व अच्छी तरह जान चुके हैं। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि पूरा सिस्टम ही दलालों के माध्यम से चल रहा है।



# डिण्डौरी में नर्मदा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान और दान-पुण्य के साथ श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना**



**डिंडौरी, नवभारत 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पवित्र नर्मदा नदी के तट श्रद्धा, आस्था और भक्ति के अद्भुत संगम के साक्षी बने। प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब नर्मदा घाटों की ओर उमड़ पड़ा।

डेमघाट, मढ़ियाघाट, हंसनगर मंदिर घाट, शंकर घाट, जोगी टिकरिया, रामघाट, ग्राम मालपुर सहित आसपास के प्रमुख नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान कर दान-पुण्य किया और मां नर्मदा से परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भोर होते ही घाटों पर 'हर-हर नर्मदे' के जयघोष गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्ध्य अर्पित किया, दीपदान किया और तिल-गुड़, खिचड़ी, वस्त्र एवं अन्न का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### धार्मिक अनुष्ठानों का किया गया आयोजन

महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया, जिससे घाटों का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल, होमगार्ड एवं स्वयं सेवक और नगर परिषद कर्मियों की तैनाती से श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और सुरक्षित स्नान की सुविधा मिली।

### स्नान का धार्मिक महत्व है

श्रद्धालुओं का कहना था कि मकर संक्रांति पर नर्मदा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन मां नर्मदा में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। दिनभर घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और सूर्यास्त तक आस्था का यह उत्सव पूरे श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।

## श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी, तीन दिन तक चलेगा मेला



**मकर संक्रांति पर ऐतिहासिक मेले का आगाज**

**शहपुरा नवभारत 14 जनवरी।** शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मालपुर स्थित मां नर्मदा संगम घाट पर मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर आज ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और मेले का आनंद उठाया।

मालपुर संगम घाट पर हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर यह मेला बड़े ही श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है। आज तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता संगम घाट पर लगा रहा। भक्तों ने विधिवत स्नान कर दान-पुण्य किया तथा मां नर्मदा से सुख-समृद्धि की कामना की। यह संगम घाट कन्हाई नदी एवं मां नर्मदा जी के संगम के कारण विशेष धार्मिक महत्व रखता है, जिसके चलते दूर-दराज़ से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

### मेले में ग्रामीण संस्कृति की दिख रही झलक

मान्यता है कि इस पावन संगम पर स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। बच्चों, महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी रही। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह मेला तीन दिनों तक चलेगा।


**कार्यालय - ग्राम पंचापत अमरपुर जनपद पंचायत अमरपुर जिला डिण्डोरी**

क्रमांक/ग्रा.पंचा /2026/138 — दिनांक :- 12/01/2026

**स्थाई दुकानों के नीलामी सूचना**

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत अमरपुर के अंतर्गत ग्राम अमरपुर में 10 (दस) स्थाई दुकान 10X12 का निर्माण किया गया है जिसकी नीलामी के लिए निविदा विज्ञापन आवेदन दिनांक 16/01/2026 से 30/01/2026 तक आवेदन प्राप्त किया जाना है। जिसमे नियम निर्देशों के साथ व्यवसायी को पंचायत से समस्त अधिरोपित करों के अनापति-प्रमाण पत्र के साथ आवेदन लिया जावेगा। जिसका निराकरण दिनांक 31/01/2026 को ग्राम पंचायत द्वारा व्यवसायी को स्वीकृति प्रदान की जावेगी।

सचिव, ग्राम पंचायत अमरपुर, ज.प.अमरपुर जिला डिण्डौरी — सरपंच, ग्राम पंचायत अमरपुर, ज.प.अमरपुर जिला डिण्डौरी

**कार्यालय - ग्राम पंचापत अमरपुर जनपद पंचायत अमरपुर जिला डिण्डोरी**

क्रमांक/ग्रा.पंचा /2026/140 — दिनांक :- 12/01/2026

**नीलामी सूचना**

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत अमरपुर के अंतर्गत ग्राम अमरपुर के मेला दिनांक 02/02/2026 को हैं। जिसकी नीलामी दिनांक 16/01/2026 समय 12 बजे ग्राम पंचायत अमरपुर में किया जाना हैं। जिसमें पूर्व नियमों के साथ इस नीलामी में मेला बोली ठेकेदार को अपने पंचायम से समस्त करों की राशि जमा होने की अनापत्ति प्रमाण पत्र बोली की राशि के साथ अनिवार्य हैं।

सचिव, ग्राम पंचायत अमरपुर, ज.प.अमरपुर जिला डिण्डौरी — सरपंच, ग्राम पंचायत अमरपुर, ज.प.अमरपुर जिला डिण्डौरी